Brig. (Dr.) B.D. Mishra (Retd.)
ब्रिग. (डॉ.) बी.डी. मिश्रा (अ.प्रा.)

सत्यमेव जयते

Lt. Governor
उपराज्यपाल
Union Territory of Ladakh
केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख

संदेश

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जम्मू के चौथे दीक्षांत समारोह के अवसर पर सभी स्नातक वर्ग को मेरी हार्दिक बधाई।

नवाचार प्रगति का पहला सोपान है। इस परिपेक्ष में हर्ष का विषय यह है कि प्रत्येक वर्ष आई.आई.टी. जम्मू, नवाचार को बढ़ावा देने और रचनात्मकता को पोषित करने के लिए, स्वयं को एक श्रेष्ठ विद्या संस्थान प्रमाणित कर चुका है। इस अध्ययनशाला ने अत्याधुनिक अनुसंधान, विश्व स्तरीय संकाय और अद्वितीय सुविधाओं से अपने छात्रों को वर्तमान की जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए सामर्थ्य प्रदान किया है।

यह शिक्षा मन्दिर, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विकास में एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। इस उच्च शिक्षा पीठ की उपलब्धि का प्रभाव हमारे क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने वाली सभी अग्रणी विकास परियोजनाओं में दृष्टिगोचर है।

आज के इस दीक्षांत समारोह में, विद्याउपाधि प्राप्त करने वाले स्नातक, ज्ञान और विशेषज्ञता से विभूषित होकर व्यावहारिक क्षेत्र में सकारात्मक दृष्टि एवं आत्मविश्वास से प्रवेश कर रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये स्नातक, हमारे क्षेत्र के समस्त नागरिकों की प्रौद्योगिकी अवश्यकताओं में उत्तम, सहज एवं लाभदायक परिवर्तन लायेंगे।

इस संस्थान की निरंतर सफलता के लिए मेरी असीम शुभकामनायें।

बी. डी. मिश्र

(ब्रिग. (डॉ.) बी.डी. मिश्रा, (अ.प्रा.))

दिनांक: 13.10.2023